नाम : _____ अनुक्रमांक : _____

PPK

अर्द्धवार्षिक परीक्षा – 2026–27

कक्षा : 10

गृहविज्ञान

समय : 3:00 घण्टा पूर्णांक : 70

नोट – सभी प्रश्न हल करना है। प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं। इस प्रश्न-पत्र में 20 प्रश्न बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनके उत्तर OMR शीट पर देने हैं।

बहुविकल्पीय प्रश्न $\mathbf{1} \times 20 = 20$

1. विटामिन- डी की कमी से कौन सा रोग होता है–

(क) जुकाम (ग) रिकेट्स

(ख) स्कर्वी (घ) बेरी-बेरी

2. किसी भी भोज्य पदार्थ से प्राप्त ऊर्जा को नापने की इकाई है–

(क) ग्राम (ग) डिग्री

(ख) औंस (घ) कैलोरी

3. निम्नलिखित में से कौन-सी घर सजावट की नहीं है–

(क) फूलदान (ग) हथौड़ा

(ख) चित्र (घ) कालीन

4. एक किलोग्राम दाल का मूल्य रु. 95 है तो ग्यारह किलो दाल का मूल्य क्या होगा–

(क) रु. 1,045 (ग) रु. 700

(ख) रु. 890 (घ) रु. 1,000

5. बचत सुरक्षित रखने का उचित साधन है–

(क) पड़ोसी के घर रखना (ग) घर में रखना

(ख) बैंक में जमा करना (घ) इनमें से कोई नहीं

6. पारिवारिक बजट बनाने का उद्देश्य है–

(क) बचत करना (ग) आय का ज्ञान

(ख) व्यय पर नियंत्रण (घ) सभी

7. दूषित जल से कौन सा रोग होता है–

(क) टिटनेस (ग) मलेरिया

(ख) हैजा (घ) तपेदिक

8. ए.टी.एस. इन्जेक्शन बचाव करता है–

(क) टिटनेस (ग) तपेदिक

(ख) डिफ्थीरिया (घ) हैजा

9. विटामिन- सी का सबसे अच्छा स्रोत है–

(क) ऑवला (ग) केला

(ख) सेब (घ) आलू

10. शरीर की लम्बाई नापने की इकाई है–

(क) ग्राम-किलोग्राम (ग) मिलीलीटर-लीटर

(ख) सेन्टीमीटर-मीटर (घ) इनमें से कोई नहीं

11. एक व्यक्ति के शरीर का सामान्य तापमान होता है–

(क) $90°F$ (ग) $98°F$

(ख) $96°F$ (घ) $98.4°F$

12. हैजा किस जीवाणु द्वारा फैलता है–

(क) टाइफी (ग) विब्रियो कॉलरा

(ख) टिटेनी (घ) बैमीलक

13. किस तत्व के कारण हड्डियाँ मजबूत होती हैं–

(क) लौह तत्व (ग) कैल्सियम

(ख) सोडियम (घ) प्रोटीन

14. थर्मामीटर द्वारा नापते हैं–

(क) नाड़ी की गति (ग) रूधिर का दाब

(ख) श्वसन की दर (घ) शरीर का तापमान

15. प्रकृति में ऑक्सीजन का संतुलन बनाए रखते हैं–

(क) मनुष्य (ग) पेड़-पौधे

(ख) पालतू जानवर (घ) जीव-जन्तु

16. अन्तर्राष्ट्रीय योग-दिवस किस दिन मनाया जाता है–

(क) 21 जून (ग) 25 जून

(ख) 20 जून (घ) 28 जून

17. स्टील का बर्तन साफ करने के लिए किसका प्रयोग किया जाता है–

(क) चूने का (ग) विम का

(ख) सिरके का (घ) सोडे का

18. कूड़ेदान में किस प्रकार का कूड़ा डालना चाहिए–

(क) गीला (ग) सूखा और गीला

(ख) सूखा (घ) सभी

19. यात्रा के दौरान प्रयोग में होने वाले चेक किस प्रकार के चेक होते हैं–

(क) आर्डर चेक (ग) ट्रेवलर चेक

(ख) क्रॉस चेक (घ) कोई नहीं

20. रात में पेड़-पौधे मुख्यतः कौन सी गैस निकालते हैं–

(क) ऑक्सीजन (ग) नाइट्रोजन

(ख) कार्बन डाइऑक्साइड (घ) आर्गन

अतिलघुउत्तरीय प्रश्न

(क) हल्दी का दाग छुड़ाने की विधि लिखिए।

(ख) साधारण ब्याज का सूत्र क्या है ?

(ग) नि:संक्रामक पदार्थ क्या है ? दो नि:संक्रामक पदार्थों के नाम लिखिए।

(घ) 4% वार्षिक ब्याज की दर से 600रु. का तीन साल का ब्याज क्या होगा ?

(ङ) अशुद्ध जल से फैलने वाले रोगों के नाम लिखिए।

(च) चेक बुक कितने प्रकार के होते हैं ? नाम लिखिए।

(छ) गृह सज्जा के किन्हीं दो साधनों के नाम लिखिए।

(ज) कुएँ कितने प्रकार के होते हैं ?

लघूत्तरीय प्रश्न

(क) पास-बुक और चेक-बुक में अन्तर लिखिए।

(ख) मृदु जल और कठोर जल में अन्तर लिखिए।

(ग) रोग प्रतिरोधक क्षमता किसे कहते हैं ?

(घ) आसुत जल का उपयोग किन कार्यों में होता है ?

(ङ) संक्रामक रोग का अर्थ व उसके फैलने के माध्यम समझाएँ।

(च) अशुद्ध जल को शुद्ध करने की कौन-कौन सी विधियाँ हैं ?

(छ) अतिसार के कारण और लक्षण लिखिए।

(ज) राष्ट्रीय बचत पत्र क्या है ?

दीर्घउत्तरीय प्रश्न

(क) जल से फैलने वालें किसी एक रोग के कारण लक्षण उपाय लिखिए।

अथवा

सफाई करने के साधनों के बारे में लिखें।

(ख) डाकघर द्वारा चलाई जाने वाली बचत योजनाओं के नाम लिखिए किसी एक के बारे में विस्तार से लिखें।

अथवा

वायु प्रदूषण के कारण एवं रोकथाम के उपाय लिखें।

(ग) घर की सजावट के मुख्य सिद्धान्त क्या हैं ?

अथवा

सिलाई किट क्या है ? इस किट में रखी जाने वाली वस्तुओं के नाम बनाइए तथा उनका उपयोग लिखें।

आप अपना भी Recent Exam में आया हुआ पेपर Pdf upboard-Hub को भेज कर 10₹ प्रति पेपर प्राप्त कर सकते है